Navbharat Times

Beach ke alava Goa mein hai bahut kuch ghumne ko

Date: 26/02/2016 | Edition: Delhi | Page: 2 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 16 H: 18

Clip: 1 of 1

# बीच के अलावा गोवा में है बहुत कुछ घूमने को

आमतौर पर हमारी नजरों में गोवा की इमेज खूबसूरत बीचेज वाले राज्य की है, जहां जाकर सनबाथिंग, वॉटर स्पोर्ट्स और बीच पार्टी करने का क्रेज हर किसी को रहता है। यकीनन ये ही बातें गोवा को दूसरी जगहों से अलग और खास बनाती हैं। लेकिन हम आपको बता दें कि इनके अलावा भी गोवा में घूमने के लिए बहुत कुछ है। अगर आप भी इस सीजन में गोवा जाने की सोच रहे हैं, तो घूमने वाली जगहों की बना लें लिस्ट और बेहिचक निकल पड़ें सैर- सपाटे के लिए...



Shubham.Tripathi@timesgroup.com

गोवा में हर साल के शुरू में गोवा कार्निवाल का आयोजन किया जाता है जिसमें यहां की शानदार संस्कृति और जीवन की झलक दिखाई जाती है। इस कार्निवाल को गोवा के मुख्य फेस्टिवल के तौर पर सेलिब्रेट किया जाता है और इसमें खूब सारी मौज-मस्ती होती है। इस मौके पर यहां जश्न का माहौल रहता है, इसलिए इसमें हिस्सा लेने के लिए देश-विदेश से बड़ी संख्या में टूरिस्ट आते हैं। साथ ही गोवा में हर साल वाइन फेस्टिवल ग्रेप एस्केपेड का आयोजन किया जाता है। यह एशिया का सबसे बड़ा वाइन फेस्टिवल है। यहां आप हर टेस्ट की वाइन चखने के साथ नाच-गाने में हिस्सा ले सकते हैं और ढेर गोवा के लोकल फूड का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा गोवा में शिग्मो फेस्टिवल, फूड एंड कल्चर फेस्टिवल, लैराई जात्रा जैसे कई फेस्टिवल का आयोजन भी होता है।

## एडवेंचर टूरिज्म

गोवा सरकार ने हाल ही में कई एडवेंचरस स्पोर्ट्स को राज्य में शुरू किया है।

हॉट बलूनः गोवा टूरिज्म ने पिछले साल ही बीचेज पर हॉट एयर बलून की शुरुआत की है। इस बलून का लुत्फ आप पणजी में बागा बीच और कैंडोलिम बीच पर उठा सकते हैं।

मूनलाइट केयाकिंग : गोवा सरकार ने हाल ही में रात में इस सेवा की भी शुरुआत की है।

कैरावैन टूर्स : कैरावैन के जरिए आप पूरे गोवा के दर्शनीय स्थलों पर घूमने का लुत्फ रोमांचक और शानदार तरीके से उठा सकेंगे। गोवा टूरिज्म इस कैरावैन टूर को कर्नाटक के कुछ प्रमुख समुद्री तटों से जोड़ने की प्लानिंग भी कर रहा है।

**हेलिकॉप्टर राइड :** भारी विरोध के बाद एक बार फिर गोवा में हेली टूरिज्म की शुरुआत हो गई है। इस सर्विस को गोवा पर्यटन विकास निगम और पवन हंस की ओर से शुरू किया गया है।

**क्रूज की सवारी :** गोवा में आपको क्रूज की बेहतरीन सवारी का भी मौका मिलता है। सफर के दौरान यहां क्रूज पर कई तरह के इवेंट्स आयोजित किए जाते हैं जिनमें नाच गाना और कई तरह के मनोरंजक खेल शामिल होते हैं। कुल मिलाकर यह मजेदार सफर होता है।

**वॉटर स्पोर्ट्स :** गोवा में रीवर राफ्टिंग, विंड सर्फिंग, स्कूबा डाइविंग, वॉटर स्कीइंग, वॉटर स्कूटर जैसे तमाम वॉटर स्पोर्ट्स का मौका भी मिलता है। इसके साथ ही गोवा सरकार सी-प्लेन्स, डकबोट, पैराग्लाइडिंग, मोटराइज्ड पैराग्लाइडिंग, सेजवे टूअर, बंगी जम्पिंग, स्कूबा डाइविंग और हॉर्स राइडिंग भी जल्द ही शुरू करने वाली है।

## हेरिटेज टूरिज्म

गोवा में हेरिटेज टूरिज्म की भी समृद्ध विरासत है। यहां यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त दो विश्व विरासत स्थल हैं। इसमें ओल्ड गोवा स्थित बेसिलिका ऑफ बोम जीसस चर्च पहले स्थान पर है। इस चर्च में संत फ्रांसिस जेवियर्स का पार्थिव शरीर चांदी के ताबूत में बिना किसी लेप के सुरक्षित रखा हुआ है। यह चर्च अपनी नायाब वास्तुकला और शिल्पकला के लिए फेमस है। यहां का दूसरा सबसे बड़ा चर्च संत केथेड्रल चर्च है। यह यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल का दूसरा चर्च है। यह चर्च एशिया के सबसे बड़े चर्च में से एक है। बाहरी दीवारों पर सफेद रंग से रंगा यह चर्च बाहर से जितना भव्य लगता है, अंदर से उतना ही सुंदर है। इसी चर्च में दुनियाभर में मशहूर गोल्डन बैल लगी थी जिसकी आवाज पणजी तक सुनाई देती थी। इसके अलावा गोवा में आप पुर्तगाली शैली में बने कई शानदार चर्च और मंदिर देख सकते हैं। इनमें चर्च ऑफ लेडी इमैक्यूलेट, रेस मागोस चर्च, शांतादुर्गा मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, लाराई देवी मंदिर शामिल हैं।

## और भी बहुत कुछ

गोवा में बीच, चर्च, कार्निवाल और स्पोर्ट्स के अलावा भगवान महावीर सेंक्चुरी, बोंडला वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी, टर्टल नेस्टिंग, गोवा चित्र म्यूजियम, हैरिटेज विलेज, गोवा साइंस सेंटर, डिजिटल प्लेनेटेरियम, ट्रॉपिकल स्पाइस प्लांटेशन सरीखे कई मनमोहक स्थलों का लुत्फ उठा सकते हैं।

## गोवा के बीच

अब गोवा की बात हो और बीच की चर्चा न हो, तो बात कुछ अधूरी लगती है। गोवा के बीच अपनी खूबसूरती के लिए पूरी दुनिया में फेमस हैं। यही कारण है कि यहां न सिर्फ अपने देश से, बल्कि विदेश से भी लोग घूमने आते हैं। यहां के बीचेज में सबसे फेमस है बागा बीच। यह बीच लजीज़ सीफूड, नाइट लाइफ और पार्टी के लिए फेमस है। इसके साथ ही यहां वॉटर स्पोर्ट्स भी बड़े पैमाने पर होते हैं।

एशिया के सबसे अट्रैक्टिव बीचेज में शामिल अगोंडा बीच खासतौर पर अपनी सफाई के लिए जाना जाता है। चूंकि यहां भीड़ कम होती है, ऐसे में यह उन लोगों के लिए परफेक्ट प्लेस है जो शांति में समय बिताना चाहते हैं।

कैंडोलिम बीच नॉर्थ गोवा में पणजी से 12 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। यह गोवा के सबसे लम्बे बीचेज में से एक है। यहां भी आप कई वॉटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

## कनेक्टिविटी

गोवा में घूमने के लिए पूरे देश से पर्यटक आते हैं, ऐसे में यहां पहुंचने के लिए ट्रेन और फ्लाइट्स की उपलब्धता आसानी से है।

फ्लाइट सर्विस एयर एशिया के सीईओ मिट्टू चांडिल्य बताते हैं, 'गोवा देश के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स में से एक है, इसलिए हम गोवा के लिए कम से कम दाम में पूरे देश से फ्लाइट सर्विस अवेलेबल करवाते हैं। एयर एशिया कुआलालाम्पुर से सीधे गोवा की फ्लाइट भी चलाती है।'